फैक्स नम्बर – 07831 23[illegible]
ईमेल – ddakoriya.cg@nic.in

# कार्यालय उप संचालक कृषि जिला– कोरिया, बैकुण्ठपुर (छ0ग0)

क्रमांक / 127 / WDC-PMKSY 2.0 / DDA / 2022–23 बैकुण्ठपुर दिनांक 02/03/2023

## विज्ञापन

छ.ग. राज्य जलग्रहण प्रबंधन एजेंसी (छ.ग.) इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय परिसर कृषक नगर लाभांडी रायपुर का पत्र क्र. 662 / CGSWMA / 22 रायपुर दिनांक 29.09.2022 के तहत स्वीकृत पद संरचना अनुसार **WDC-PMKSY 2.0** योजनांतर्गत वर्ष 2021–22 में जिले में स्वीकृत परियोजनाओं मे माइक्रोवाटर शेड समिति स्तर पर माइक्रोवाटर शेड सचिव के पद एवं मासिक मानदेय 5000/–पर संविदा नियुक्ति हेतु उनके सम्मुख दर्शाये गये विवरण अनुसार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सहित वांछित अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 20.03.2023 को सायं 5.30 बजे तक संपूर्ण योग्यता एवं अनुभव व प्रमाण पत्रों सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप मे पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किया जाता है। अंतिम तिथी के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

1. **WDC-PMKSY 2.0** परियोजना बैकुण्ठपुर जिला–कोरिया के पद :–

| क्र. | परियोजना | जलग्रहण समिति का नाम | स्वीकृत पद संख्या | स्वीकृत पद का आरक्षण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | WDC-PMKSY 2.0-1 Baikutnpur | सारा | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 2 | | गदबदी | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 3 | | रटगा | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 4 | | जगतपुर | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 5 | | नगर | | |
| 6 | | अमरपुर | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 7 | | पोटेड़ांड़ | | |
| 8 | | जूनापारा | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 9 | | उमझर | | |
| | | योग | 06 | - |

2. **WDC-PMKSY 2.0** परियोजना भरतपुर जिला–एम.सी.बी. के पद :–

| क्र. | परियोजना | जलग्रहण समिति का नाम | स्वीकृत पद संख्या | स्वीकृत पद का आरक्षण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | WDC-PMKSY 2.0-2 Bharatpur | बेनीपुरा | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 2 | | चुटकी | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| 3 | | उमरवाह | 01 | अनारक्षित (मुक्त) |
| | | योग | 03 | - |

माइक्रोवाटर शेड सचिव की योग्यता एवं अर्हताऐं अधोनुसार है–

| न्यूनतम अर्हता | चयन हेतु मेरिट अंक | |
|---|---|---|
| 12वीं पास। माईक्रोवाटरशेड क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम/ग्राम पंचायत का निवासी एवं कम्प्यूटर में अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी। | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का **weightage** देते हुए | 85 |
| | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव | 5 |
| | 5 वर्ष तक का अनुभव | 10 |
| | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

नियम एवं शर्ते :–

1. यह पद पूर्णतः अस्थायी है एवं सविदा नियुक्ति सामान्यतः एक वर्ष के लिए होगी। उपरोक्त पदों पर होने वाला व्यय WDC-PMKSY 2.0 योजना से प्रति पूर्ति योग्य होगा। योजना समाप्त होने पर यह पद स्वयंमेव समाप्त हो जावेगें। किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदों का व्यय भार वहन नहीं किया जावेगा।
2. आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है, जिसकी पुष्टि हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे।
3. आवेदक को छ.ग. राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
4. उम्मीदवार को दिनांक 01.01.2023 को न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होनी चाहिए। अन्य विशेष वर्ग जैसे अनुसूचितजाति, अनुसूचित जन जाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला उम्मीदवारों को राज्य शासन द्वारा समय– समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुरूप आयु मे छुट की पात्रता होगी।
5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
6. शासकीय/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों के लिए नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. संविदा नियुक्ति, सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन एफ–9–1/2012/1–3 रायपुर दिनांक 17 जनवरी 2013 द्वारा जारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के अधीन होगी।
8. प्राप्त आवेदनो का चयन समिति द्वारा सूक्ष्म जांच कर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार किया जावेगा।
9. तैयार मेरिट सूची से रिक्त पद के विरूद्ध तीन गुना अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों की जांच हेतु बुलाया जावेगा।
10. चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
11. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे। ऐसे आवेदन पत्रों के संबंध में कोई अलग से सूचना नहीं दी जावेगी। आवेदन पत्र बंद लिफाफे में जमा करने की **अंतिम तिथि 20/03/2023 तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय उप संचालक कृषि, कृषि विभाग, जिला–कोरिया (छ.ग.)**को प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा। व्यक्तिगत आवेदन पत्र एवं कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नही किया जावेगा।
12. संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
13. आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने/अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन पत्रों को अमान्य कर दिया जायेगा।
14. यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक माइक्रोवाटर शेड समिति हेतु आवेदन करना चाहता है तो प्रत्येक माइक्रोवाट रशेड के लिए पृथक–पृथक आवेदन पत्र जमा करना होगा।
15. जन्म तिथि के प्रमाण के लिए सामान्यतः हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी, मैट्रिक कुलेशन परीक्षा के प्रमाण पत्र की अभि प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

16. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
17. कोई भी उम्मीदवार जिनकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
18. चयन के संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
19. रिक्त पदों की संख्या घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है, इस का सर्व अधिकार छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय परिसर कृषक नगर, लाभाण्डी, रायपुर के पास होगा।
20. उम्मीदवार लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं प्रेषक के नाम एवं पत्र व्यवहार का पता एवं मोबाईल नंबर तथा दो स्वयं का पता लिखे लिफाफा 25–25 रू. का डाक टिकट सहित प्रेषित करेंगे।
21. नियुक्ति की अन्य शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईड https://korea.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप संचालक कृषि सह
परियोजना प्रबंधक (WCDC)
जिला कोरिया, बैकुण्ठपुर (छत्तीसगढ़)

पृ0क्रमांक / 128 / WDC-PMKSY 2.0 / DDA / 2022–23 बैकुण्ठपुर, दिनांक 02/03/2023

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CGSWMA) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर कृषक नगर, लाभाण्डी, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. महाप्रबंधक छ.ग. संवाद जन सम्पर्क नार्थ ब्लॉक सेक्टर 19 अटल नगर नवा रायपुर जिला रायपुर छत्तीसगढ़ को प्रेषित कृपया एक प्रदेश स्तरीय एवं एक स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित करने का कष्ट करें। विज्ञापन देयक का भुगतान इस कार्यालय द्वारा देयक प्रस्तुत करने पर किया जावेगा।
3. कलेक्टर, सह अध्यक्ष (WCDC) जिला कोरिया की ओर सादर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, जिला–एम.सी.बी. की ओर सादर सूचनार्थ।
5. CEO जिला पंचायत सह उपाध्यक्ष (WCDC) जिला कोरिया की ओर सादर सूचनार्थ।
6. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला कोरिया माईक्रोवाटरशेड संविदा सचिव के रिक्त पदों का विज्ञापन वेबसाईट पर अपलोड़ कर आवश्यक कार्यवाही हेतु, सादर प्रस्तुत।
7. कार्यालय उप संचालक कृषि सूचना बोर्ड पर चस्पा हेतु।
8. जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर/भरतपुर के सूचना बोर्ड पर में चस्पा हेतु।
9. ग्राम पंचायत ............................ के सूचना बोर्ड पर में चस्पा हेतु।

उप संचालक कृषि सह
परियोजना प्रबंधक (WCDC)
जिला कोरिया, बैकुण्ठपुर (छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ़ समाचार

# आवेदन प्रारूप

प्रति,

उप संचालक कृषि
सह परियोजना प्रबंधक (WCDC)
जिला–कोरिया बैकुण्ठपुर (छ0ग0)

सत्यापित नवीनतम
पासपोर्ट साईस
फोटों चरपा

विषय :–विज्ञापन क्रमांक ..........दिनांक ..................द्वारा विज्ञापित पदों में संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।

1. ग्राम पंचायत का नाम / जलग्रहण समिति का नाम :– ..........................................................................
2. **आवेदित पद का नाम** :– ..........................................................................
3. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................................
   (अंग्रेजी के केपीटल लेटर में) :– ..........................................................................
4. पिता / पति का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................................
5. जन्म तिथि (अंकों में) :– ..........................................................................
   (शब्दों में) :– ..........................................................................
   (प्रमाण हेतु हाई–स्कूल प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
6. आयु (01.01.2023 की स्थिति में वर्ष ....................माह.................... दिन ..........................
7. स्थायी पता :– ..........................................................................
   :– ..........................................................................
   :– ..........................................................................
   :– ..........................................................................
8. पत्राचार का पता :– ..........................................................................
   :– ..........................................................................
   :– ..........................................................................
   :– ..........................................................................
   मोबाईल नं. ..........................................................................
9. जाति प्रवर्ग :– ..........................................................................
   (अजा / अजजा / अपिव / सामान्य) उल्लेख करें।
   (आरक्षित प्रवर्ग का लाभ लेने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र एवं उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा सत्यापित जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)
10. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है ? हॉ / नही :– ..........................................................................
    (छत्तीसगढ़ मूल निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)
11. क्या आप दिव्यांग आस्थिवाधित है ? यदि हॉ तो दिव्यांगता का प्रतिशत..........................................
    (जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र की प्रमाणीत छायाप्रति संलग्न करें।

12. शैक्षणिक योग्यता (शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि. वि. का नाम | विषय | वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिक्षत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

13. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक :– ..........................................................
(सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करें)

14. अनुभव

| क्र. | कार्यरत पद का नाम | कार्यालय का नाम | वेतनमान | कार्यरत अवधि कब से कब तक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

(अनुभव प्रमाण एवं नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)

15. (अ) वैवाहिक स्थिति (विवाहित / अविवाहित) :– ..........................................................
(ब) यदि आप विवाहित है तो
विवाहित की तिथि ...................... बच्चों की संख्या ................अंतिम बच्चे की जनमतिथि.................

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. :– ............................................................ 2. :– ............................................................
3 :– ............................................................ 4 :– ............................................................
5 :– ............................................................ 6 :– ............................................................
7 :– ............................................................ 8 :– ............................................................
9 :– ............................................................ 10 :– ............................................................

आवेदक के हस्ताक्षर

–:घोषणा पत्र :–

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र में बिन्दु क्रमांक 01 से 16 तक दी गई सम्पूर्ण जानकारी सत्य है, किसी भी प्रकार की गलत / अपूर्ण जानकारी के कारण मुझे चयन प्रक्रिया से निष्काषित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। मैंने यह आवेदन सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझकर भरा है। विज्ञापन में दिये गये नियमों के अनुसार विर्धारित पद पर आवेदन करने की पात्रता है, जिसे आवश्यकता होने पर प्रमाणित करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है।

दिनांक :– ..............................
स्थान :– ..............................

आवेदक के हस्ताक्षर
(आवेदक का नाम एवं पता..............................)